# बोधि फाउंडेशन, सूरतगढ़

बोधि रेजीडेंट्स, सूरतगढ़ (नि : शुल्क पुरूष छात्रावास)

क्रमांक : बोधि / सूरतगढ़ / 2025–26 / रेजीडेंट्स / 271 दिनांक : 10.07.2025

## प्रवेश – विज्ञप्ति

सूरतगढ़ में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद छात्रों (केवल लड़के) की निःशुल्क आवासीय व्यवस्था** के अन्तर्गत 'बोधि रेजीडेंट्स,सूरतगढ़' में सत्र 2025 – 2026 प्रवेश हेतु इस विज्ञप्ति के अध्याधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

**(क) पात्रताएं :–**

1. सूरतगढ़ (जिला – श्रीगंगानगर) में रहकर किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य हेतु ही आवेदन करें।
2. अभ्यर्थी राजस्थान का मूल निवासी हो।
3. अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम् स्नातक पूर्ण हो अथवा जिस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है, उससे सम्बन्धित डिप्लोमा अथवा डिग्री पूर्ण हो अथवा अभ्यर्थी ऐसी प्रतियोगी परीक्षा में आवेदन करने की योग्यता रखता हो।

**(ख) आवेदन–प्रक्रिया एवं अंतिम तिथि :–**

1. आवेदन बोधि फाउंडेशन की वेबसाइट https://bodhifoundationraj.org/ पर ऑनलाईन ही स्वीकार किये जा सकेंगे।
2. वांछित सभी दस्तावेजों की मूल प्रति चयन हेतु गठित साक्षात्कार बोर्ड के सामने प्रस्तुत करनी होंगी।
3. आवेदन **10 जुलाई से 25 जुलाई 2025 (रात्रि 12:00 बजे तक)** किये जा सकेंगे, इस तिथि के पश्चात लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा।
4. प्रवेश हेतु **साक्षात्कार दिनांक 27 जुलाई 2025 (रविवार) को बोधि रेजीडेंट्स, सनसिटी, सूरतगढ पी.जी कॉलेज के सामने, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–62, सूरतगढ, जिला–श्रीगंगानगर समय सुबह 08:30** पर आयोजित किया जाएगा। जिसकी पृथक से व्यक्तिगत सूचना किसी भी अभ्यर्थी को नहीं दी जाएगी। साक्षात्कार सम्बन्धी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना बोधि फाउंडेशन की वेबसाइट https://bodhifoundationraj.org/ पर अपलोड की जाएगी। अतः अभ्यर्थियों को उक्त वेबसाइट नियमित विजिट करने की सलाह दी जाती है।

**(ग) चयन–प्रक्रिया :–**

1. 'रेजीडेंट्स' में प्रवेश हेतु चयन एक 'साक्षात्कार एवं चयन बोर्ड' द्वारा किया जायेगा।
2. चयन सम्बन्धी किसी भी अंतिम निर्णय के लिए बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति अधिकृत रहेगी।

**(घ) प्रवेश (चयन उपरांत):–**

1. प्रवेश हेतु अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को रेजीडेंट्स में प्रवेश के परिणाम जारी होने से 7 दिवस में उपस्थित होना होगा। इस समय तक अनुपस्थित अभ्यर्थियों का प्रवेश निरस्त माना जायेगा तथा ऐसी रिक्तियों को प्रतीक्षा सूची से भर दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का होगा।
2. प्रवेशित छात्र को 1500 रू. अमानत राशि बोधि रेजीडेंट्स समिति को जमा करवानी होगी, जो कि रिफण्डेबल होगी।
3. अभ्यर्थी का अंतिम चयन होने पर प्रवेश के समय 50 रूपये का नॉन ज्यूडिशियल शपथ पत्र देना होगा जिसमें आवेदन–पत्र में प्रस्तुत किसी भी तथ्य के मिथ्या नहीं होने एवं फाउंडेशन के नियमावली के अनुरूप होने का उल्लेख हो। (प्रारूप कार्यालय में उपलब्ध है)

**(ङ) प्रवेश निरस्त किया जाना :–**

1. छात्र को प्रवेश लेने से पूर्व छात्रावास द्वारा निर्धारित नियमावली का भलीभांति अध्ययन कर लेना चाहिए। उक्त नियमावली को प्रवेश से पूर्व हस्ताक्षरित करके छात्रावास वार्डन / प्रबंधक को जमा करवाना होगा।
2. उक्त नियमावली की अवहेलना करने पर अभ्यर्थी का छात्रावास में प्रवेश किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
3. चूंकि बोधि फाउंडेशन जरूरतमंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके अध्ययन के लिए सहयोग करता है, ऐसे में प्रवेश के लिए किसी भी अभ्यर्थी द्वारा करवाई गई किसी भी प्रकार की सिफारिश की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को चयन की प्रक्रिया से ही वंचित किया जा सकता है।
4. बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति, प्रवेशित सभी छात्रों का उनके निवास स्थान पर जाकर भौतिक सत्यापन करवाती है। किसी भी प्रवेशित छात्र द्वारा आवेदन में प्रस्तुत किसी तथ्य के गलत पाये जाने अथवा प्रवेश समिति की राय में जरूरतमंद नहीं होने अथवा इस विज्ञप्ति के अनुरूप योग्य नहीं होने की स्थिति में बिना पूर्व सूचना के प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा।

किसी गलत तथ्य के आधार प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी से बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति द्वारा राशि का पुर्नभरण करवाया जावेगा।

**(च) <u>बोधि फाउंडेशन द्वारा देय सुविधायें :–</u>**

1. प्रवेशित छात्रों को सूरतगढ़ में रहकर कम्पीटीशन की तैयारी करने के लिए कमरा, बिजली, पानी, नहाने का गर्म पानी, भोजन बनाने वाले का मानदेय, भोजन हेतु ईंधन व्यवस्था, कूलर – पंखे, आवश्यक फर्नीचर, लाइब्रेरी सुविधा, वाई–फाई इन्टरनेट क्नेक्शन इत्यादि सुविधाएं छात्रावास में बोधि फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं लेकिन भोजन सामग्री पर भारित अन्य व्यय (आटा, सब्जी, मसाले आदि सामग्री का व्यय) छात्र को स्वयं वहन करने होंगे जो कि प्रतिमाह अग्रिम (एडवांस) रूप से 'बोधि रेजीडेंट्स समिति' को जमा करना होगा। प्रवेशित छात्रों को उक्त राशि प्रतिमाह की 5 तारीख तक छात्रावास समिति को जमा करवा देनी होगी।
2. भौतिक सत्यापन में अति जरूरतमंद पाये गये छात्रों को 1500/–(अक्षरे – एक हजार पांच सौ रुपये) प्रतिमाह छात्रवृत्ति देय होती है जिसे छात्र के मैस व्यय के हिसाब से घटाया – बढ़ाया जा सकता है।

**(छ) <u>'रेजीडेंट्स' बीच में छोड़ने की स्थिति में :–</u>**

1. छात्र को प्रवेश से पूर्व यह भलीभांति जांच लेना चाहिए कि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश से 90 दिन से पूर्व छात्रावास छोड़ने की अनुमति नहीं है यदि कोई छात्र ऐसा करता है तो उसकी अमानत राशि वापिस नही लौटाई जाएगी।
2. किसी भी अभ्यर्थी को उसके द्वारा उल्लेखित प्रतियोगी परीक्षा, जिसे उसने अपने प्रवेश हेतु आवेदन में दर्ज किया है, की परीक्षा के पश्चात छात्रावास से प्रवेश स्वतः निरस्त समझा जाएगा तथा इस तिथि के पश्चात किसी भी स्थिति में उक्त छात्र, प्रवेश समिति की बिना विधिवत् पूर्व स्वीकृति के छात्रावास में प्रवेशित नहीं रह सकेगा। किसी छात्र की प्रवेश अवधि पूरी होने पर अभ्यर्थी के 'प्रार्थना–पत्र' पर 'बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश समिति' द्वारा अन्य प्रतियोगी परीक्षा हेतु बढाने पर विचार किया जा सकेगा।

**(ज) <u>सम्पर्क :–</u>**

1. किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नम्बर 01509 – 294 967, बोधि फाउंडेशन व्हासटएप **9166125522,** जीमेल आईडी bodhiresidents@gmail.com अथवा बोधि फाउंडेशन की वेबसाइट https://bodhifoundationraj.org/ से संपर्क किया जा सकता है।

प्रभारी
बोधि रेजीडेंट्स प्रवेश–समिति

वेबसाइट के लिए QR Code स्कैन करें |